दिन– बुधवार दिनांक– 10 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों को किया खारिज। कहा – लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण जरूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान विकास के लिए की गयी घोषणाओं को पूरा करने का दिया निर्देश।

03. भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– भूमि संबंधी फर्जी दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष टीमों का किया जा रहा है गठन।

04. और, प्रदेश में ठंड बढ़ी। अधिकतर जिलों में तापमान में आई गिरावट।

———————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों को खारिज किया है। श्री शाह आज लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर जरूरी है।

———बाईट———

श्री शाह ने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। यह संविधान द्वारा निर्वाचन आयोग को दिया गया अधिकार है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने बिहार में हुये एआईआर का जिक्र करते हुये कहा कि विपक्षी दलों ने लोगों को गुमराह करने के लिए कई हथकंडे अपनाए लेकिन बाद में मतदाताओं ने ही पूरे मामले का खुलासा किया।

———बाईट———

चर्चा के दौरान घुसपैठियों के सवाल पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान की गयी विकास घोषणाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। आज पटना में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को लंबित योजनाओं पर तेजी से काम शुरू कर, तय समय सीमा के अन्दर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान चार सौ अट्ठाईस योजनाओं को स्वीकृति मिली। सिर्फ दो योजनाएं तकनीकी रूप से अनुपयुक्त पाई गयी हैं। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं पर पचास हजार करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

——————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री और राजस्व तथा भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि संबंधी फर्जी दस्तावेज और अनियमित परिमार्जन की जांच के लिए विशेष टीमों का गठन किया जा रहा है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि ये टीमें अगले वर्ष मार्च महीने तक ऐसे सभी मामलों का निपटारा सुनिश्चित करेगी। श्री सिन्हा ने बताया कि अधिकारियों की उपस्थिति और कार्य प्रगति की निगरानी सुबह–शाम वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी राजस्व कर्मचारी अपने कार्यालय में ही काम करेंगे। आदेश का पालन नहीं करने वाले राजस्व कर्मचारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

——————————————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। आज पटना में स्टेनोग्राफर पुलिस कर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुये श्री चौधरी ने कहा कि इसके लिए सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य में सक्रिय गुंडा बैंकों को बंद किया जायेगा। इसे किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

———बाईट———

——————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत एक सौ साठ रेलवे स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। आज लोकसभा में पूरक प्रश्न के उत्तर में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत विकास के लिए एक हजार तीन सौ से अधिक स्टेशनों की पहचान की गई है।

———बाईट———

स्टेशंस को नव निर्माण करने के लिए एक अमृत भारत स्टेशन योजना आरंभ की है और यह आज के समय में पूरे विश्व में सबसे बड़ा स्टेशन का रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम है। एक हजार तीन सौ से ज्यादा स्टेशनों का रिकंस्ट्रक्शन चल रहा है। एक सौ 60 स्टेशन का काम कंप्लीट हो गया है।

श्री वैष्णव ने कहा कि स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य, यात्री सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए किया जा रहा है।

——————————————————————————————

भारत के प्रमुख त्योहार दीपावली को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया गया है। इसकी घोषणा करते हुए संस्कृति

और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए एक भावुक क्षण है। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल मनाई ही नहीं जाती, बल्कि इसे पीढ़ियों तक महसूस किया जाता है।

———बाईट———

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि दीपावली एक जीवंत विरासत बनी रहे, न कि समय के साथ लुप्त होती स्मृति। हमारे बच्चों को यह जानना चाहिए कि हम दीपक क्यों जलाते हैं, न कि केवल कैसे जलाते हैं। उन्हें यह जानना चाहिए कि दीपावली रामराज्य का त्योहार है। यही सुशासन है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में, दीपावली हमें याद दिलाती है कि दीपक भले ही एक हो, लेकिन उसका प्रकाश हम सभी के लिए है।

———————————————————————

उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करने के निर्णय का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि यह वैश्विक मान्यता देश के प्रत्येक नागरिक के लिए अत्यन्त गौरव का क्षण है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि दीपावली को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल किए जाने से भारत और विश्व भर के लोग रोमांचित हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि दीपावली भारत की संस्कृति और मूल्यों से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने इस त्योहार को देश की सभ्यता की आत्मा बताया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से 'आपका पैसा, आपका अधिकार' अभियान में भाग लेने का आह्वान किया। लिंक्डइन पर एक पोस्ट साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह नागरिकों के लिए एक भूली हुई वित्तीय संपत्ति को एक नए अवसर में बदलने का मौका है।

———————————————————————

आज अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। प्रतिवर्ष दस दिसंबर को मानवाधिकारों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र की घोषणा की याद में मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम है – **सबके लिए आवश्यक जनसेवाओं की गरिमापूर्ण उपलब्धता सुनिश्चित करना।** इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है जहां मानवाधिकारों की न केवल रक्षा की जाती है बल्कि उनका सम्मान भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि गरिमा पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता और किसी को भी उसके अधिकारों से वंचित नहीं किया जाना चाहिए।

---

इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मानवाधिकार दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। आज बिहार मानवाधिकार आयोग का सत्रहवां स्थापना दिवस भी है। इस अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

---

तापमान में गिरावट आने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। अधिकांश स्थानों का न्यूनतम तापमान दस डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। सुबह के समय कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

औरंगाबाद के हसपुरा में आज पंजाब नेशनल बैंक की ओर से कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक अन्य बैंकों की तुलना में कम ब्याज दर पर ग्राहकों को ऋण उपलब्ध करा रहा है। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की बैंकिंग तथा कृषि से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों तथा जन सामान्य तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

---

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती की ओर से बिहार पुलिस चालक सिपाही भर्ती के लिए आज लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। पंद्रह जिलों के तीन सौ पंद्रह परीक्षा केंद्रों पर लगभग एक लाख चौंसठ हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुये।

---

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के बैंक कॉलोनी रोड स्थित एक घर में पुलिस ने छापेमारी कर पांच लाख रूपये मूल्य की शराब बरामद की है। मौके से सत्रह लाख रूपये से अधिक की राशि भी बरामद की गयी है। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इधर, मुंगेर जिले क हेमजापुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक पार्सल वैन से भारी मात्रा में शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

सुपौल जिले के कुनौली के पास एसएसबी की टीम ने बासठ किलो गांजा बरामद किया है।

———————————————————————————

खगड़िया जिले के बेलदौर थाना क्षेत्र के इतमादी गांव से पुलिस ने दो साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शेखपुरा जिले के शेखोपुर सराय थाना क्षेत्र के कबीरपुर के पास से एक साईबर ठग की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

सासाराम नगर थाना क्षेत्र के फेजलगंज स्थित एक आभूषण दुकान में लूट का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

रोहतास जिले के अकोढ़ीगोला के पकड़िया गांव में दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी के मामले में पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

कृषि मंत्री रामकृपाल यादव का आज दानापुर में भाजपा कार्यकर्ता समारोह में सम्मान किया गया।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिला आज अपना चौवनवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किये गये हें।

———————————————————————————

बेतिया स्थित कृषि फार्म हाउस परिसर में आज से दो दिवसीय कृषि मेला सह कृषि प्रदर्शनी की शुरूआत हुई। आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुये कहा कि सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के वोट चोरी के आरोपों को किया खारिज। कहा – लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण जरूरी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान विकास के लिए की गयी घोषणाओं को पूरा करने का दिया निर्देश।

03. भूमि सुधार और राजस्व मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा– भूमि संबंधी फर्जी दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष टीमों का किया जा रहा है गठन।

04. और, प्रदेश में ठंड बढ़ी। अधिकतर जिलों में तापमान में आई गिरावट।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।